परेशानी | दीनदयाल चौराहे का जाम बना लोगों के गले की फांस

कागजों में प्लान, सड़क पर राहगीर परेशान

नवभारत, जबलपुर। दीनदयाल चौराहा पर ट्रैफिक जाम की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। एक ओर शासन-प्रशासन यहां प्रस्तावित फ्लाईओवर की योजना कागजों पर तैयार कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर राहगीर रोजाना जाम से जूझते नजर आ रहे हैं। दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक लगभग दो घंटे इस क्षेत्र में स्थिति सबसे अधिक खराब रहती है। आवागमन करने वाले लोग इस समस्या से बेहद परेशान हैं। राहगीरों का कहना है कि जब तक कोई वैकल्पिक यातायात व्यवस्था या ट्रैफिक प्लान लागू नहीं किया जाता, तब तक इस जाम से राहत मिलना मुश्किल है।

दोनों ओर लगती हैं वाहनों की लंबी कतारें

दोपहर 2 बजे के बाद जैसे ही बड़े ट्रकों और भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ती है, जाम की स्थिति और बढ़ जाती है।

दीनदयाल चौराहे से एक ओर कृषि उपज मंडी तक वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, तो दूसरी ओर शासकीय आईटीआई तक बड़े और छोटे सभी प्रकार के वाहन फंसे रहते हैं। इस दौरान लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है।

कब मिलेगी जाम से राहत?

शासन द्वारा पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि दीनदयाल चौराहे पर जल्द ही फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। हालांकि, फिलहाल यह योजना केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। जमीनी स्तर पर न तो कोई ठोस ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है और न ही समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

लघु काशी के नाम से जाना जाएगा बीटी तिराहा

जबलपुर, नवभारत। संस्कारधानी के अनेक तिराहो एवं चौराहो के नामकरण उस समय के तत्कालीन रियासतों के द्वारा अंग्रेजो के शासन काल में रखे गये थे परन्तु अब वर्तमान मे कुछ तिराहे एवं चौराहे ऐसे है जिनकी अपनी स्वयं की एक अलग पहचान है, और वह पहचान राष्ट्रीय स्तर पर है। वर्तमान दौर मे उनके पुराने नामकरण गुलामी और दास्ता की याद दिलाते है जबलपुर मे एक ऐसा स्थान जहा पर कहाँ जाता है की अगर मथुरा या वृंदावन नहीं जा पा रहे तो जबलपुर गढ़ा के इस स्वनिर्मित धाम मे जाकर पूजन अर्चन करोगे तो वृंदावन सा अनुभव महसूस होता है। जब दूर सुदूर प्रदेश और देश के लाखो की संख्या में भक्त गण यहाँ आते है तो इस तिराहे का नाम से अजीब सी अभिव्यक्ति व्यक्त करते है और हमेशा ही यह कहते है की इस तिराहा का नामकरण बदलना चाहिए।

हुआ करता था बीटी बंगला

इस बहु प्रतीक्षित मांग का समर्थन करते हुए इसी क्षेत्र मे रहकर धर्म

आध्यात्म संस्कृति सनातन सभ्यता का प्रचार प्रसार करने वाले मां सिद्ध दरबार के संचालक पूज्य गृहस्थ संत दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा ने जिला प्रशासन एवं स्थानीय निकाय प्रमुख से मांग करते हुए कहाँ था की जब केंद्र सरकार के द्वारा विभिन्न पुराने नामो को जो की गुलामी और दास्ता के प्रतीक थे उस समय के तत्कालीन रियासतों के द्वारा अंग्रेजो के शासन काल में रखे गये थे उनको बदलने की प्रकिया चल रही है ऐसे मे वर्षों पहले तत्कालीन अंग्रेज गवर्नर का बी.टी. बंगला था उसी नाम से आज भी उस तिराहे का नाम बीटी तिराहा चला आ रहा है। जबकि यहां पर लगभग 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन स्वर्निर्मित श्री राधा कृष्ण भगवान की अद्भुत आलोकिक एवं मनोहरी प्रतिमा स्थापित है जो दीर्घकाल से गढ़ा वासियों की प्रेरणा और आस्था का केन्द्र है। यह क्षेत्र पूरे संस्कारधानी के साथ-साथ प्रदेश में भी लघु काशी के नाम से जाना जाता है। यहां पर वृंदावन मथुरा और तमाम जगहों से अनेक कृष्ण भक्त सालभर आते जाते रहते हैं इसलिए जिस मंदिर एवं स्थान के कारण संस्कारधानी और गढ़ा की पहचान दूर प्रदेश और देश में हो रही है ऐसे तिराहे का नामकरण भी प्रभू के नाम पर होना चाहिए। इसलिए इस तिराहे का नाम लघु काशी तिराहा करने के लिए जरूरी निर्देश महापौर एवं आयुक्त के द्वारा प्रस्तावित किए जाएंगे तो निसंदेह संस्कारधानी और गढ़ा वासियों की पुरानी दिली इच्छा पूर्ण हो सकेगी। इसी तरह मां सिद्ध दरबार की इस मांग का सनातन धर्म महासभा के पंडित अशोक मनोध्या एवं सनाढ्य कल्याण परिषद के अध्यक्ष पंडित देवेंद्र गोटिया, सर्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के प्रदेश सयोजक पंडित चंद्रशेखर शर्मा, गोकुल धाम सोसायटी सहित अनेक संगठनो के पदाधिकारीयों ने एक स्वर मे मांग की थी।

रांझी, दर्शन तिराहा, एसबीआई चौक, मदन महल से हटाए अवैध कब्जे

नवभारत, जबलपुर। नगर निगम द्वारा जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन में अतिक्रमण शाखा द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन कार्रवाई की जा रही है। अपर आयुक्त अरविंद शाह और अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने बताया कि शुक्रवार को रांझी में दर्शन तिराहा में बप्पा स्वीट्स के सामने अतिक्रमण को अलग किया गया, एस.बी.आई. चौक से ठेले टपरे को अलग किया गया, मदन महल चौक के सामने, सिविक

सेंटर, कटंगा से एक सड़क पर अवैध पार्किंग में कार को जब्त किया गया। साथ ही छोटी लाइन फाटक चौराहे ओर वहां रामपुर चौक तक लगातार कार्यवाही की जा रही है। कार्रवाई के दौरान सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, एकता रघुवंशी, सहायक परिवहन एवं यातायात प्रबंधन अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, दल प्रभारी एवं कर्मचारीगण लक्षण कोरी, नदीम खान, जोसफ प्रवीण, अंकित पारस, वीरेंद्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी एवं अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा।

मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पर हुआ ट्रांजिट विजिट

नवभारत,जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शुक्रवार को भोपाल से वायुयान द्वारा दोपहर 1.31 बजे जबलपुर एयरपोर्ट आगमन हुआ।मुख्यमंत्री डॉ यादव एयरपोर्ट से ही दोपहर 1.40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा दमोह जिले के ग्राम देवरी हरदुआ के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान एयरपोर्ट पर विधायक अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडे,नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज,नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक व कमिश्नर धनंजय सिंह, आईजी प्रमोद वर्मा, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

लापता नाबालिग लड़की बालिग होकर मिली, किडनैपर चाचा ने रचाई थी शादी

हाईकोर्ट के दखल के बाद बढ़ी सक्रियता, इंस्टाग्राम से लोकेशन ट्रेस, पुलिस ने पकड़ा

नवभारत,जबलपुर। हनुमानताल थाना क्षेत्र से पिछले वर्ष लापता हुई एक नाबालिक लड़की को हनुमानताल पुलिस ने रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। आरोपी युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया था उसने शादी भी रचा ली थी। दोनों बैतूल में पहचान छिपाकर रह रहे थे। आरोपी रिश्ते का चाचा है। इस मामले में हाईकोर्ट के दखल के बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ी थी।

हनुमानताल थाना प्रभारी

सुभाष बघेल ने बताया कि करियापाथर हनुमानताल निवासी एक नाबालिक लड़की 29 मई 2025 को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर खोजबीन की लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो मामले की सूचना पुलिस को दी थी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। साथ ही परिजनों ने आशंका जाहिर की थी कि उनकी बेटी को उनके रिश्ते का चाचा शुभलाल साकेत 22 वर्षीय निवासी रीवा का बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की लेकिन कहीं सुराग नहीं लग रहा था इस बीच परिजन ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। इसके बाद तलाश में छापेमारी शुरू हुई आरोपी के इंस्टाग्राम से जहां-जहां लोकेशन ट्रेस हो रही थी वहां वहां पुलिस की टीम दबिश दे रही थी । बैतूल से लेकर छतरपुर, तेलंगाना रीवा में छापेमारी की थी लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों जबलपुर बैतूल से आ रहे हैं जिसके बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी की और दोनों जबलपुर पहुंचे तो उन्हें पकड़ लिया गया।

युवक ने नाबालिक लड़की से शादी कर ली थी और दोनों बैतूल में रहकर एक फैक्ट्री में काम कर रहे थे। जब लड़की गायब हुई थी तो वह नाबालिक थी लेकिन अब जब उसकी दस्तयाबी हो गई है तो वह बालक हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बालिका के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

इंदौर से बैरंग लौटी पुलिस, राजदार गया जेल

अपहरण कर चना से लदा ट्रक लूटने का मामला

जबलपुर। मझौली थाना अंतर्गत सिहोरा रोड पीपल देवरी में 16 लाख 50 हजार रूपए के चना से लदा ट्रक लूटने और ड्राइवर के अपहरण के मामले में फरार आरोपियों की तलाश में इंदौर गई टीम ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई लेकिन पुलिस के हाथ आरोपी नहीं लग सके जिसके बाद पुलिस बैरंग वापिस लौट आई। वहीं रिमांड खत्म होने पर राजदार को शुक्रवार को पुन: कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

विदित हो कि संतोष सेन

निवासी वार्ड नं. पांच लोको थाना कोतवाली जिला दमोह का ड्राईवरी का काम करता है। नौ फरवरी की रात्रि करीब 9 बजे गायात्री ट्रेडर्स दमोह से ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 5647 से 550 बोरी चना कीमती करीबन 16 लाख 50 हजार रुपया का भरकर दमोह से कटनी लेकर जा रहा था। सोमवार एवं मंगलवार की दरमियानी रात्रि 1:30 बजे जब वे सिहोरा रोड पीपल देवरी के आगे पहुंचा तो एक बिना नंबर की कार से चार बदमाश हथियारों से लैस होकर पहुंचे थे और ट्रक को रोक लिया था। ट्रक ड्राइवर पर नशीला स्प्रे छिड़कर उसकी बेरहमी से पिटाई की थी। इसके बाद अरोपी चना से लदा ट्रक लेकर भाग गए। ड्राइवर संतोष सेन को रास्ते में आश्रम के पास फेंक दिया था। मंगलवार सुबह संतोष को होश आया था। जब तक चना लदा ट्रक, नगद दस हजार, एक मोबाइल लुट चुका था। मझौली पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। आसपास के थानों में भी सूचना दी। जिसके बाद चना से लदा ट्रक लूटकर भाग रहे सागर गोयल को शहपुरा पुलिस ने गोटेगांव रोड पर घेराबंदी कर दबोचा था। जबकि ट्रक में सवार धर्मेन्द्र ट्रक से कूदकर भाग गया था। शहपुरा पुलिस ने सागर के साथ चना से लदा ट्रक मझौली पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने सागर को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था। पूछताछ में आरोपियों ने साथियों के नाम उगले थे। सुमित अपने एक साथी के साथ कार से फरार हो गया था। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में इंदौर गई थी जहां से वापिस लौट आई। आरोपी नहीं मिले।

वकीलों को टोल टैक्स किया जाये मुक्त

जबलपुर। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, गृहमंत्री भारत सरकार तथा गृहमंत्री मध्य प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित कर प्रदेश के समस्त पंजीकृत अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गो पर टोल शुल्क से मुक्त किए जाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने बताया कि वकीलों के लिए विशेष (टोल मुक्त परमिट पास) जारी करने की मांग भी की गई है। कार्यकारी सचिव नीलेश जैन ने बताया कि अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व नहीं करते, बल्कि वे न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रतिदिन उन्हें विभिन्न जिलों, संभागों एवं दूरस्थ न्यायालयों में न्यायिक कार्यों के लिए निरंतर आवागमन करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक टोल प्लाजा पर शुल्क भुगतान की बाध्यता न केवल आर्थिक भार बढ़ाती है, बल्कि न्यायिक कार्य की तात्कालिकता को भी प्रभावित करती है।

दो थानों में हुई तीन लूट की वारदात

युवती, किशोर समेत कपड़ा कारोबारी से झपट्टमारी

नवभारत,जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत आलोकनगर में युवती तो संजयनगर में किशोर पर लुटेरों ने झपट्टमार कर मोबाइल लूट लिया। गोहलपुर में कपड़ा कारोबारी का मोबाइल लूट लिया गया। दोनों थानों की पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

अधारता पुलिस के मुताबिक अंशिका साहू निवासी जवाहरनगर हनुमान मंदिर के सामने अधारताल की शाम 6 बजे कोचिंग पढ़ने आलोक नगर गई थी। 7:30 बजे कोचिंग से बाहर निकली और

मोबाइल पर बात करने लगी तभी पीछे से दो लडके मोटरसायकिल से आए और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीनकर ले गए। इसी प्रकार मोहम्मद हुसैन मंसूरी निवसी मक्कानगर गली न. 5 अधारताल का कक्षा सातवीं का छात्र है। शाम करीब 4:45 बजे दोस्त नोमान के साथ संजयनगर पावर हाउस गया था वहाँ से वापस आ रहा था जैसे ही पावर हाउस से मेन रोड पर आया तभी उसकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया तो वे दोस्त के साथ मोटरसायकिल को धक्का देते हुए अपने घर वापस आ रहा था। सांदीपली सरकारी स्कूल के सामने मोबाईल से मां को फोन किया तो पीछे से बाइक में तीन लड़के आए और उसका मोबाइल छीनकर अधारताल तिराहा तरफ भाग गए। इसी प्रकार गोहलपुर थाने में गोपीचंद मोटवानी निवासी शांति नगर दमोहनाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे कपड़ा व्यवसाय करता है। जब वे घर के बाहर टहल रहा था तभी बाइक में एक नकाबपोश पहुंचा और उसके हाथ में लिया हुआ मोबाइल झपट्टा मारकर काली मंदिर तरफ भाग गया।

सीसीटीवी रूम पहुंचे आरपीएफ उप महानिरीक्षक, देखा लाइव डेमो

जबलपुर, नवभारत। यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे की चाक-चौबंद व्यवस्था को परखने के लिए उप-महानिरीक्षक सह-मुख्य सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) रजनीश कुमार त्रिपाठी ने जबलपुर पोस्ट का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया, बल्कि तैनात जवानों और अधिकारियों के साथ सुरक्षा सम्मेलन कर उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि ड्यूटी के दौरान ईमानदारी और निष्ठा ही आरपीएफ की असली पहचान है। निरीक्षण के दौरान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचे, जहाँ उन्होंने नई तकनीक वाले कैमरों का लाइव डेमो देखा। उन्होंने स्टेशन परिसर के कोने-कोने में लगे कैमरों की फीड चेक की और निर्देश दिया कि संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। इसके साथ ही उन्होंने आरपीएफ की कार्यशैली को और आधुनिक बनाने के लिए आरएसएमएस जैसे ऑनलाइन टूल्स के उपयोग पर जोर दिया, ताकि डेटा और सूचनाओं का आदान-प्रदान त्वरित गति से हो सके।

रिकॉर्ड्स की हुई जांच

अधिकारी ने केवल तकनीक ही नहीं, बल्कि जमीनी व्यवस्थाओं को भी परखा। उन्होंने कार्यालय के रिकॉर्ड, आपदा प्रबंधन किट और बीटीएस टीम के उपकरणों की बारीकी से जांच की। थाने की साफ-सफाई और सामानों के रख-रखाव को लेकर उन्होंने संतोष जताया और आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने स्टेशन एरिया का पैदल गश्त किया। इस पूरे दौरे के दौरान सहायक सुरक्षा आयुक्त संजीव राणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।